भारत सरकार
कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय
कृषि एवं किसान कल्याण विभाग
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 2310**
10 दिसंबर, 2024 को उत्तरार्थ

**विषयः कृषि मेलों का आयोजन**
**2310.** श्री इटेला राजेंदरः
श्रीमती डी. के. अरुणाः
श्री सुरेश कुमार शेटकरः
क्या **कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः
(क) क्या सरकार ने देश में विशेषकर तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र, असम और संघ राज्यक्षेत्र जम्मू और कश्मीर में किसानों के लाभ के लिए कृषि मेले आयोजित किए हैं; और
(ख) यदि हां, तो विगत दस वर्षों के दौरान तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और उक्त मेलों से किसानों को क्या लाभ प्राप्त हुआ है तथा इसके लिए कितनी धनराशि स्वीकृत/व्यय की गई है?

**उत्तर**
**कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री (श्री रामनाथ ठाकुर)**

(क) और (ख): भारत सरकार, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र, असम और संघ राज्य क्षेत्र जम्मू और कश्मीर सहित देश भर में किसानों के लाभ के लिए विभागीय योजनाओं/मिशनों/नई पहलों के विषय में जागरूकता फैलाने और कृषि प्रौद्योगिकियों के संवर्धन हेतु देश भर में कृषि मेलों का आयोजन और सहयोग करती है।
विगत 10 वर्षों के दौरान, उक्त राज्यों में आयोजित की गई कृषि मेलों की संख्या तथा स्वीकृत/खर्च की गई निधि निम्नलिखित है:

| **क्रम सं.** | **राज्य** | **आयोजित की गई कृषि मेलों की संख्या** | | **स्वीकृत/खर्च की गई निधि (रुपए करोड़ में)** | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | **कृषि एवं किसान कल्याण विभाग** | **आई.सी.ए.आर/के.वी.के** | **कृषि एवं किसान कल्याण विभाग** | **आई.सी.ए. आर/के.वी.के** |
| 1. | तेलंगाना | 61 | 132 | 12.24 | 53.90 |
| 2. | आंध्र प्रदेश | 361 | 185 | | |
| 3. | महाराष्ट्र | 788 | 386 | | |
| 4. | असम | 72 | 98 | | |
| 5. | जम्मू और कश्मीर | 846 | 139 | | |

*****